# जम्मू और रायगढ़ रेलवे डिवीज़न

[स्रोत: IE]

हाल ही में प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से नए **जम्मू रेलवे डिवीज़न** का उद्घाटन किया, जो भारत का 70वाँ डिवीज़न है तथा इसकी लंबाई 742.1 किमी. है।

- प्रधानमंत्री ने **तेलंगाना में चरलापल्ली टर्मिनल स्टेशन का उद्घाटन किया तथा पूर्वी तटीय रेलवे ज़ोन** के अंतर्गत ओडिशा में **रायगढ़ रेलवे डिवीज़न (69 वें डिवीज़न) भवन** की आधारशिला रखी।
  - भारतीय रेलवे में अब **17 ज़ोन** और **70 डिवीज़न (मंडल) हैं।**
- **जम्मू रेलवे डिवीज़न: जम्मू रेलवे डिवीज़न को फिरोजपुर डिवीज़न** से अलग किया गया है और इसकी लंबाई **742.1 किमी. है।**
  - 26 जनवरी, 2025 से एक नए रेलवे सेक्शन '**कटरा-रियासी रेलवे सेक्शन' तथा श्रीनगर के लिये वंदे भारत ट्रेन सेवा** भी शुरू की जाएँगी।
- प्रधानमंत्री ने **मेट्रो नेटवर्क, समर्पित माल ढुलाई गलियारों के विस्तार के साथ-साथ सौर ऊर्जा संचालित स्टेशनों** तथा **हाई-स्पीड रेल सिस्टम के विकास** जैसी पहलों के लिये चल रहे प्रयासों पर भी प्रकाश डाला।
- **भारतीय रेल के बारे में:**
  - **इसकी स्थापना वर्ष 1853** में हुई थी और यह **विश्व के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक है।**
  - **भारत में पहली रेलगाड़ी ने** बम्बई **और थाने को** कनेक्ट करते हुए 21 मील की दूरी तय की थी।
  - **चीन और अमेरिका के बाद** भारत में विश्व का तीसरा **सबसे बड़ा मेट्रो-रेल नेटवर्क है।** अनुमान है कि वर्ष 2050 तक **वैश्विक रेल गतिविधि में भारत की हिस्सेदारी 40% होगी।**

**और पढ़ें:** [भारत की बुनियादी ढाँचे के विकास की यात्रा]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-jammu-and-rayagada-railway-division